आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 12.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– चौबीस जून से शुरू होगा अट्ठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र–नव–निर्वाचित सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ।

2– प्रदेश में जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक से दूर होंगे भूमि संबंधी विवाद।

3– दीपक सोनी को बनाया गया बलौदाबाजार का नया कलेक्टर–विजय अग्रवाल बने जिले के नये पुलिस अधीक्षक।

4– नगरीय निकाय चुनाव के पहले वार्डों का नये सिरे से होगा परिसीमन।

संसद सत्र

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की चौबीस तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि, राज्यसभा का सत्र भी इसी महीने की सत्ताईस तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा देश की जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

जिओ रिफ्रेंसिंग

छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इस तकनीक के माध्यम से भूमि के नक्शों के लिए खसरा के स्थान पर यू.एल.पिन नंबर दिया जाएगा। साथ ही भूमिधारक को भू–आधार कार्ड मिलेगा। राज्य सरकार ने इस नई तकनीक के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है और इसके लिए बजट में डेढ़ सौ करोड़ रूपये प्रावधान किया गया है। जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग के लिए राजस्व से जुड़े अमलों की व्यवस्था के साथ ही उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं, जिओ रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नये पद स्वीकृत किए जाएंगे।

बलौदाबाजार कलेक्टर/एसपी

राज्य सरकार ने बलौदाबाजार में हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद जिले के कलेक्टर कुमार लाल चौहान और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार को हटा दिया है। कुमार लाल चौहान के स्थान पर दो हजार ग्यारह बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दीपक सोनी को बलौदाबाजार का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं, सदानंद कुमार के स्थान पर दो हजार बारह बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और सरगुजा के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को बलौदाबाजार का नया एसपी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री–प्रतिनिधिमंडल मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल रायपुर में सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और बलौदाबाजार जिले में हुई घटना के संबंध में शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की। साथ ही एक बार फिर शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास का संदेश समाज में शांति और सद्भाव का रहा है। आप सबकी जिम्मेदारी है कि समाज भ्रमित न हो और शांति स्थापित करने की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम का अपमान किया गया। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए न्यायिक जांच की घोषणा भी की है।

चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पवित्र अमरगुफा में जैतखाम को क्षति पहुंचाने की घटना के संबंध में शासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी ने कहा कि हमारा समाज परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी का अनुयायी है। हम सत्य, अहिंसा और सद्भाव को मानने वाले लोग है। हम मनखे–मनखे को एक समान मानते हैं। समाज प्रमुखों ने कहा कि समाज के सभी लोग इस घटना से आहत हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ की है वे प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा नहीं थे, बल्कि असामाजिक तत्व थे।

बलौदाबाजार घटना–आरोप

प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा है कि बलौदाबाजार घटना में जो भी आरोपी शामिल हैं, उनके खिलाफ राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

कल रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में अब तक दो सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने बलौदाबाजार शहर में प्रदर्शन के दौरान शासकीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने के लिए लोगों को उकसाने की साजिश रची थी।

इसके बाद ही शासकीय कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगाई गई। खाद्य मंत्री ने कहा कि विरोध के दौरान कम से कम डेढ़ सौ मोटरसाइकिलों और चारपहिया वाहनों में आग लगा दी गई।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि राज्य सरकार की नाकामी छिपाने के लिए मंत्री दयालदास बघेल विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि लगभग एक महीने पहले पवित्र जैतखाम में असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी, तभी से लोग आक्रोशित थे और जांच की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई होती तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती।

स्थानीय अवकाश

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने रायपुर और नवा रायपुर अटल नगर के लिए स्थानीय अवकाश नौ अगस्त के स्थान पर बारह नवंबर को घोषित किया है। इस आशय का संशोधन आदेश जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नौ अगस्त को प्रदेश में विश्व आदिवासी दिवस पर पहले से ही सामान्य अवकाश घोषित है।

नगरीय निकाय–परिसीमन

नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने आगामी नवम्बर–दिसम्बर महीने में नगरीय निकायों में आम चुनाव के मद्देनजर सभी नगरीय निकायों में वार्डों के नये सिरे से परिसीमन करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के सचिव डॉक्टर बसवराजु एस. ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिया है। उन्होंने परिसीमन के कार्य को प्राथमिकता देते हुए इसकी कार्यवाही जल्द पूरा करने को कहा है।

अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन

छत्तीसगढ़ के वित मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस' के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। ये सुझाव तीस जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेबपोर्टल 'मोर सपना–मोर विकसित' छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इसी परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस' जारी कर प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है।

कृषि मंत्री–खाद/बीज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आगामी खरीफ मौसम से पहले अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण खाद और प्रमाणित बीज तथा अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री नेताम ने कल मंत्रालय में कृषि और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद–बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

"ई–संवीक्षा" पोर्टल

छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग द्वारा "ई–संवीक्षा" पोर्टल की शुरूआत की गई है। इस पोर्टल के जरिये विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी। साथ ही अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाईन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आंकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा। वहीं, व्यापारियों को होने वाली व्यावहारिक परेशानियों का निराकरण करने में भी

यह पोर्टल कारगर साबित होगा। प्रारंभिक चरण में "ई–संवीक्षा" के अंतर्गत "स्क्रूटनी माड्यूल" बनकर तैयार है।

<u>वन–अग्नि सुरक्षा</u>

जंगलों को आग से बचाने के लिए प्रदेश के वन क्षेत्रों में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके तहत पंद्रह जून तक वनों को अग्नि से बचाना वन विभाग की प्राथमिकता में है। इसके लिए वन विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर – एक आठ शून् शून्य दो तीन तीन सात शून्य शून्य शून्य (18002337000) जारी किया गया है। इस नंबर पर फोन कर कोई भी व्यक्ति आग लगने घटना की सूचना दे सकता है। वहीं, सभी वनमंडलों में अग्नि सुरक्षा के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जहां से अग्नि घटनाओं की सतत् निगरानी की जा रही है।

<u>माओवादी गिरफ्तार</u>

बीजापुर जिले के कुटरू थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक लाख रूपये के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। यह माओवादी भैरमगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय था और माओवादियों का बड़ा नेता बताया जाता है। इस पर हत्या, अपहरण, लूट, आगजनी, रोड काटने और लेवी वसूली करने जैसे कई मामले थाने में दर्ज हैं।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार मानसून के अभी छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों में पहुंचने में थोड़ा समय लगने की संभावना है। हालांकि, बस्तर संभाग में सुकमा के अलावा अन्य जिलों में आगामी एक–दो दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून का आगमन हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक कल प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की सम्भावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से दक्षिण छत्तीसगढ रहेगा।

इस बीच, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के कोरलदंड नर्सरी में कल दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पंद्रह लोग झुलस गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

वहीं, कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत तितरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य लोग झुलस गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी तथा जुलाई और अगस्त में खुले रहेंगे।

– ओडिशा के नये मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद थे।

– रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने आज धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण किया और कहा कि यहां जल्द ही खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

– बलरामपुर–रामानुजगंज जिले की ग्राम पंचायत डिंडो में एक नवदंपत्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

– जांजगीर–चांपा जिले के मौहार गांव में अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। ये दोनों युवक परसदा गांव के रहने वाले थे।

– कोंडागांव जिले की केशकाल पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब सत्ताईस किलो गांजा जब्त किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>